हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 317 देहरादून मंगलवार 10 फरवरी 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## डॉ. नित्यानंद का पूरा जीवन- हिमालय, प्रकृति, समाज और राष्ट्र को रहा समर्पित : मुख्यमंत्री

**-मुख्यमंत्री ने डॉ. नित्यानंद की जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में किया प्रतिभाग**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में डॉ. नित्यानंद की जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सत्तत हिमालयी पर्यावरण पुरस्कार 2025 -26 से जयेंद्र सिंह राणा एवं संजय सत्यवली को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. नित्यानंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन हिमालय, प्रकृति, समाज और राष्ट्र को समर्पित किया। उनकी सोच, हिमालय की शिखरों जैसी ऊँची और उनका सेवा-भाव हिमालय की घाटियों से भी गहरा था। उनका मानना था कि हिमालय की रक्षा करना, भारतीय सभ्यता और राष्ट्र के भविष्य के लिए भी आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. नित्यानंद ने विज्ञान को अध्यात्म से, शोध को लोक-जीवन से और चिंतन को राष्ट्रहित से जोड़ने का कार्य किया। वो समाज के प्रत्येक वर्ग में राष्ट्रभाव और सामाजिक चेतना का



संचार करते रहे। उन्होंने गांवों के सशक्तिकरण के लिए भी आजीवन कार्य किया। वे प्रतिवर्ष अपनी आय से लगभग 40 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1991 में उत्तरकाशी और 1999 में चमोली की आपदा के बाद डॉ. नित्यानंद ने बिना किसी विलंब के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जो आज भी श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने मनेरी गाँव को अपना केंद्र बनाकर वहाँ 400 से अधिक भूकंप रोधी मकानों के निर्माण का कार्य भी कराया। उन्होंने उस क्षेत्र के 50 से अधिक गाँवों को मॉडल गाँवों के रूप में विकसित करने का कार्य भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा डॉ. नित्यानंद ने श्उत्तरांचल दैवीय आपदा पीड़ित सहायता समितिश का गठन कर उन्होंने सेवा को संस्थागत स्वरूप दिया, जो आज भी देशभर में आपदाओं के समय मानवता की सेवा का सबसे बेहतर उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने कहा देहरादून में संचालित डॉ. नित्यानंद हिमालय शोध एवं अध्ययन केंद्र उनके विचारों को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। यह केंद्र हिमालयी अध्ययन, सतत विकास, आपदा प्रबंधन और नीति-निर्माण के क्षेत्र में नई दिशा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार हिमालय संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हम डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, ग्लेशियर रिसर्च सेंटर, जल स्रोत संरक्षण अभियान जैसे विभिन्न माध्यम से हिमालय के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया है। राज्य में प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम के माध्यम से अब तक हिमालयी क्षेत्र में 72 टन कार्बन उत्सर्जन को कम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अभियान, जल संरक्षण अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों चलाए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए सौर ऊर्जा सहित अन्य हरित ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं प्रारंभ की गई हैं।

### केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने की मुख्यमंत्री धामी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून संवाददाता. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष, प्रख्यात लेखक, कवि एवं गीतकार प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने प्रसून जोशी के साहित्य एवं सिनेमा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा कला, संस्कृति, साहित्य एवं सिनेमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, लोक संगीत तथा राज्य में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## सीएस बर्द्धन की अध्यक्षता में हुई सचिव समिति की बैठक सम्पन्न

देहरादून संवाददाता. मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सचिवगणों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर दिशानिर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अगले वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले नए कार्यों के लिए 15 फरवरी तक स्वीकृतियां ले ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने सभी कार्यों को लेकर वार्षिक कैलेण्डर तैयार कर, उसके अनुसार अपनी सभी गतिविधियों को संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कुम्भ मेला - 2027 से सम्बन्धित कार्यों को भी



प्राथमिकता पर लेते हुए सभी प्रकार की स्वीकृतियां और प्रक्रियाएं समय पर पूर्ण करते हुए निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने खाद्य सुरक्षा के मापदण्डों का प्रवर्तन एवं निगरानी को और मजबूत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए टेस्टिंग लैब आदि बढ़ाए जाने एवं इससे सम्बन्धित मामलों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जाने वाली विशेष सहायता के तहत् सभी प्रोजेक्ट्स को गतिशक्ति पोर्टल पर अपलोड किए जाने एवं निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूर्ण किए जाने हेतु लगातार निगरानी किए जाने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार...

### 60 साल के दर्जी ने दुकान में फांसी लगाकर दी जान

देहरादून संवाददाता. रायपुर थाना क्षेत्र के तपोवन रोड स्थित लेन नंबर पांच में 60 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी दर्जी की दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। एसओ रायपुर गिरीश नेगी ने बताया कि रविवार देर शाम सूचना मिली कि तपोवन रोड निवासी सतीश श्रीवास्तव (60) ने फांसी लगा ली है। सूचना पर मयूर विहार चौकी इंचार्ज संजय रावत पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन उन्हें निजी वाहन से कोरोनेशन अस्पताल ले जा चुके थे। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया।

### कारगी में फिर पटरी से उतरी सफाई व्यवस्था, हाईवे किनारे लगे कूड़े के ढेर

देहरादून संवाददाता. नगर निगम के कारगी स्थित मैकेनाइज्ड कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर सोमवार सुबह सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई। मशीनें ठप होने के कारण कूड़ा समय से शीशमबाड़ा प्लांट नहीं पहुंच पाया।

### बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज

रुड़की संवाददाता. दो दिन पहले घर जाते समय चोरी हुई दुकानदार की बाइक के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस ने बाइक की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम मानकपुर आदमपुर निवासी सौरभ कुमार रविवार देर शाम दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर शौच करने लगा था। उसी समय किसी ने उनकी बाइक चोरी कर ली थी।

# सम्पादकीय

## वर्तमान एंव भावी पीढ़ियों पर बोझ

केंद्रीय आमदनी में कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 18 फीसदी ही रह गया है, जबकि आम लोगों का कर योगदान 46 फीसदी पहुंच गया है। यह प्रतिगामी सूरत है। बजट से साफ है कि इसमें सुधार का कोई प्रयास नहीं किया गया है। केंद्रीय बजट में 2026-27 में 53,47,315 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसका 24 फीसदी हिस्सा कर्ज लेकर जुटाया जाएगा। बाकी रकम टैक्स और गैर कर स्रोतों से आएगी। सरकार जो खर्च करेगी, उसका 20 प्रतिशत हिस्सा पहले से मौजूद कर्ज का ब्याज चुकाने में जाएगा। 22 प्रतिशत हिस्सा उगाहे गए कर में राज्यों का हिस्सा देने, 11 प्रतिशत हिस्सा रक्षा, और दो प्रतिशत केंद्रीय कर्मचारियों के पेंशन पर खर्च हो जाएगा। इसके अलावा केंद्र के अपने प्रशासनिक खर्चे हैं। उन सबके बाद पूंजीगत निवेश के लिए लगभग 17 करोड़ (सवा 12 लाख करोड़ सीधे पूंजीगत निवेश और सवा पांच करोड़ पूंजीगत संपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान) के लिए बचेंगे। अगले वित्त वर्ष में केंद्र लगभग 17 लाख करोड़ रुपये के नए कर्ज लेगा।मगर इससे भी प्रस्तावित खर्च पूरा नहीं होगा। कुल मिलाकर 4.3 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा रह जाएगा। ये रविवार को पेश हुए आम बजट का सीधा गणित है। जब सरकार का लगभग एक चौथाई बजट कर चुकाने पर खर्च होने लगा है, तो समझा जा सकता है कि देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है। पिछले साल केंद्र ने 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया। इस वर्ष उससे तीन लाख करोड़ रुपये अधिक लेने का इरादा उसने रखा है, तो उसकी वजह यही है कि अब ऋण चुकाने के लिए ऋण लेना पड़ रहा है। चालू वित्त वर्ष में केंद्र ने आय कर और जीएसटी दरों में छूट देकर अपने लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों करों से होने वाले आय को घटाया। नतीजतन, उसे और अधिक ऋण लेना पड़ेगा। सरकार चाहती, तो कॉरपोरेट टैक्स में 2019 में दी गई छूट वापस लेकर तथा धनी लोगों पर नए कर लगाकर राजकोषीय सेहत सुधार सकती थी। अब उसकी कुल आमदनी में कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 18 फीसदी ही रह गया है, जबकि (व्यक्तिगत आयकर 21 प्रतिशत, जीएसटी 15 प्रतिशत, उत्पाद एवं कस्टम 10 प्रतिशत मिला दें, तो) आम लोगों का कर योगदान 46 फीसदी तक पहुंच गया है। यह प्रतिगामी सूरत है। मगर इसे सुधारने के बजाय सरकार और ऋण लेकर वर्तमान एंव भावी पीढ़ियों पर बोझ बढ़ा रही है।

# भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौताः मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्धता

**भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता: विश्व के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्र का निर्माण**

श्री राजेश अग्रवाल

भारत का यूरोप के साथ 250 ईसा पूर्व से एक समृद्ध व्यापारिक संबंध रहा है, जो सिल्क रोड से भी पहले की अवधि है। अगले 2000 वर्षों के अधिकांश हिस्से के दौरान, भारतीय मसलिन, कपास, हस्तशिल्प, मसाले, पन्ना और रत्न अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सबसे पसंदीदा वस्तुओं में शुमार होते थे, जिनमें से अधिकांश यूरोप तक पहुँचती थीं। इन शानदार वस्तुओं के भुगतान के तौर पर भारत को सोना और चांदी मिलते थे। अपने सुनहरे दिनों में, भारत-यूरोप व्यापार ने मात्रा और पैमाने की दृष्टि से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की।एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से इस संबंध को सुदृढ़ करने के प्रयास 2007 में शुरू हुए थे। गंभीर मतभेदों के कारण 2013 में बातचीत को रोकना पड़ा, क्योंकि कई मुद्दों पर दोनों पक्षों के विचार अलग थे। 2022 में बातचीत फिर से शुरू हुई और चुनौतियों की जटिलता के बावजूद इसे केवल दोनों राजनेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अंतिम रूप दिया जा सका। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस व्यापार समझौते को दोनों पक्षों ने बातचीत के माध्यम से पूरा किया है, वह अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नियम-आधारित व्यापार संबंध की पुष्टि करता है। यह समझौता ऐतिहासिक है सिर्फ इसलिए नहीं कि इसमें शामिल विषय और क्षेत्र व्यापक हैं; समझौता ऐतिहासिक इसलिए भी है क्योंकि दोनों पक्षों को ऐसे मुद्दों पर साझा रुख अपनाना पड़ा, जो कठिन और जटिल थे।सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता: भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता शायद हाल के समय में किया गया सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्रों में से एक का निर्माण कर सकता है, जिसमें लगभग 2 अरब लोग और 28 देश शामिल होंगे और जो वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह समझौता मुद्दों और चिंताओं के समाधान के सन्दर्भ में आधुनिक और नवीन है। इस समझौते में व्यापार संबंध को प्रगाढ़ करने के लिए अद्यतन और मूल विषयों के साथ-साथ प्रक्रिया-संबंधी प्रावधान भी हैं। यह समझौता वस्तु और सेवा; दोनों के लिए बाजार पहुंच और नियामक बाधाओं के समाधान के लिए एक नया मॉडल स्थापित करता है, जो पारंपरिक विषयों को नवाचार-तत्वों के साथ सुदृढ़ करता है। उदाहरण के लिए, उत्पत्ति के नियमों का अध्याय सुनिश्चित करता है कि केवल वही उत्पाद जिनका पर्याप्त प्रसंस्करण या उत्पादन साझेदार देशों में हुआ है, उन्हें मूल देश का प्रमाण दिया जाएगा; इसे विस्तृत और जटिल उत्पाद-विशिष्ट नियमों के माध्यम से हासिल किया गया है, जो मौजूदा और नयी आपूर्ति श्रृंखलाओं के अनुरूप हैं। इसके अलावा, यह समझौता बौद्धिक संपदा संरक्षण को पुनर्स्थापित करता है और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व सूचना प्रवाह को बढ़ावा देने पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करता है।वस्तु और सेवाओं के लिए बाजार खोलना: समझौते का मुख्य ध्यान दोनों पक्षों के विशाल और व्यापक बाजारों को एक-दूसरे के लिए खोलना है। यह समझौता भारत के निर्यात व्यापार मूल्य के 99 प्रतिशत से अधिक के लिए बाजार पहुँच प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 90 प्रतिशत भारतीय निर्यात को समझौते के लागू होने पर तुरंत नि:शुल्कच प्रवेश की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से, श्रम-सघन वस्तुएँ जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा, रत्न और आभूषण, लकड़ी और लकड़ी की शिल्पकला और समुद्री उत्पादों को जल्दी लाभ मिलेगा। यह रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-प्रसंस्करण उद्योग और खनिज जैसे उद्योगों को भी जीवंत ईयू सामान्य बाजार में अपने निर्यात को विविधता देने में सक्षम करेगा। हालांकि, भारत ने ईयू वाहन के लिए बाजार पहुँच की अनुमति दी है, लेकिन इसे चरणबद्ध और सन्तुलित तरीके से टैरिफ कोटा के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह, यूरोपीय संघ की शराब पर भारत की छूट घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उच्च मूल्य वर्ग में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।

# भारत का स्वर्णिम अवसर

हरिशंकर व्यास

अमेरिका से यूरोप का बिदकना भारत का स्वर्णिम अवसर है। विश्व राजनीति में नई सोच, नई ताकत के लिए नए गठजोड, नए बाजार, नए साझेदार के अवसर हैं। इसमें 150 करोड़ लोगों के भारत बाजार के लिए मौके ही मौके हैं। आवश्यकता सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्शन के दस घंटों की है। वे अफसरशाही, डोवाल-जयशंकर के घेरों से बाहर निकलें और जैसे 24 जुलाई 1991 के दिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने सुबह आठ बजे से शाम को आठ बजे के दस घंटों में भारत की आर्थिकी को बदला वैसा ही कमाल कर दिखाएं। नरसिंह राव ने दस घंटों में ही भारत को बदला। इन दस घंटों में उन्होंने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह का बजट देखा, कैबिनेट से ओके कराया तो संसद में बजट प्रस्तुत होने के बाद बतौर उद्योग मंत्री खुद नरसिंह राव ने उद्योग-पूंजी, लाइसेंस के अफसरी ढांचे को ध्वस्त करने के नोटिफिकेशन बनवाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश-दुनिया को समाजवाद से मुक्त बताया।

वैसा ही साहस चाहिए। भारत नए गठजोड़ के साथ नए विजन बनाए। ध्यान रहे ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के बाद 26 जनवरी के बाद भारत-यूरोपीय संघ में मुक्त व्यापार संधि होने वाली है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा गणतंत्र दिवस की परेड में विशिष्ट अतिथि हैं। कुछ दिन पहले जर्मन के चांसलर शोल्ज भी भारत आए थे। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दावोस में कहा है हम भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के कगार पर हैं। कुछ लोग इसे श्सभी सौदों में सबसे बड्ड्र मानते हैंख्रऐसा समझौता जो दो अरब लोगों का साझा बाजार बनाएगा। वैश्विक जीडीपी के लगभग एक-चौथाई का प्रतिनिधित्व करेगाष् गलत नहीं है ऐसा मानना। पर गौर करे श्दो अरब लोगों का साझा बाजाख्र! यही पेंच है। यह सवाल है कि नए दो अरब लोगों के बाजार के 150 करोड़ भारतीयों के पास यूरोप, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के बाजार में बेचने को क्या है, जबकि यूरोप का तो हर उत्पाद भारत में भरपूर बिकेगा!

इसलिए भारत को अपनी कोर आवश्यकता की पूर्ति का सौदा पटाना चाहिए। आवश्यकता सुरक्षा के लिए हथियारों की है। भारत स्वदेश में विश्व स्तरीय हथियार बनाए। यह मिशन अब अमेरिका से झटके के बाद यूरोपीय देशों, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, यूरोपीय संघ का भी है। यूरोप बेइंतहां रिसर्च-तकनीक निर्माण में खपेगा। उससे किसी तरह भारत का साझा बने। मतलब यूरोप रिसर्च, तकनीक, शस्त्र प्रणालियां (जो भारत में संभव नहीं) बनाए और साझा पूंजी निवेश से फैक्ट्रियां भारत में लगे। भारत में रोजगार, आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा। कुछ वैसा ही मॉडल जैसे सुजुकी कंपनी ने भारत में मारुति-सुजुकी बना अपना और जापान का दोनों का मुनाफा बनाया तो वह भारत के देशज ऑटो उत्पादन का आधार भी हुआ।

यह संभव है। प्रमाण यूरोपीय संघ के पारस से जैसे-तैसे सदस्य बने तुर्की का विकसित होना है। कई जानकार तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन और नरेंद्र मोदी को समतुल्य मानते है। दोनों राष्ट्रवादी, धर्मवादी और वैश्विक धमक के नेतृत्वकर्ता। पर कई बुनियादी फर्क है। तुर्की वास्तविक विकास की कहानी है। पिछले साल तुर्की ने स्वदेशी हथियार निर्माण की झांकी में एक रक्षा प्रदर्शनी आयोजित की। और उसकी रिपोर्ट सुनते हुए मुझे मालूम हुआ कि दस साल पहले तुर्की रक्षा साजो सामानों में सिर्फ 30 प्रतिशत आत्मनिर्भर था। अब 80 प्रतिशत है! वह अफ्रीका महाद्वीप को सर्वाधिक हथियार बेचता है। उसके उन्नत ड्रोन और अन्य रक्षा उपकरण हिट है। 2025 का तुर्की का रक्षा और एयरोस्पेस निर्यात 10.56 बिलियन डॉलर अनुमानित है। वैश्विक हथियार निर्यात में विश्व का अब वह 11वां निर्यातक देश है। जबकि भारत का 2024-25 में रक्षा निर्यात आंकड़ा 23,622 करोड़ रुपए (लगभग2.76 बिलियन डॉलर) का है।

सो, तुर्की की कहानी की एक बड़ी वजह यूरोपीय संघ के पारस से उसका सोना बनना है। वह यूक्रेन को ड्रोन बेचता है तो पुतिन से भी संबंध रखता है। आज तुर्की से कई गुना, कई तरह के बड़े अवसर भारत की बाजार हैसियत की बदौलत है। यूरोपीय देश आगे हथियारों के लिए बुद्धि-पूंजी खपाएंगे तो उन्हें इस काम में श्रम शक्ति, बाजार का साझा भी चाहिए। इसमें यदि भारत लपके, कूटनीति करे, यूरोपीय संघ (ब्रिटेन, जर्मनी आदि) की कंपनियों से भारत घुलमिल जाए तो जहां अमेरिका, रूस, चीन की तोड़ बनेगी वही सभ्य-लोकतांत्रिक यूरोपीय मिजाज की संगत भी बनेगी। क्या नहीं?

हिन्दी दैनिक जोखिम

संक्षिप्त समाचार...

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नष्ट किए अवैध पटाखे

रुड़की संवाददाता. पिरान कलियर पुलिस ने सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर भंडारित किए गए अवैध पटाखों के एक बड़े जखीरे को न्यायालय के आदेशानुसार नष्ट कर दिया है। विस्फोटक सामग्री होने के कारण मालखाने और आसपास के क्षेत्र पर मंडरा रहे संभावित खतरे को देखते हुए यह कदम उठाया गया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दीपावली पर्व से पूर्व 9 अक्तूबर को पुलिस ने ईमलीखेड़ा क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की थी। यहां बिना लाइसेंस के घनी आबादी वाले क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शुभमपाल पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम ईमलीखेड़ा के कब्जे से 35 पेटी अवैध पटाखे बरामद किए थे। आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पटाखे जब्त कर लिए गए थे। जब्त किए गए पटाखों को थाना परिसर के मालखाने में सुरक्षित रखा गया था। हालांकि, विस्फोटक सामग्री होने के कारण शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी से भीषण आग लगने का डर बना हुआ था। इससे न केवल थाने की इमारत, बल्कि मालखाने में रखे अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों और सामान को भी गंभीर खतरा था। इन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पुलिस ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय रुड़की में विनिष्टीकरण की रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अवैध पटाखों को तत्काल नष्ट करने के आदेश जारी किए। कोर्ट के आदेश मिलते ही पुलिस टीम ने एक सुरक्षित और निर्जन स्थान पर ले जाकर इन पटाखों को पानी में भिगोकर या अन्य मानक प्रक्रियाओं के तहत विधिवत रूप से नष्ट कर दिया।

## शिविर लगाकर स्मार्ट मीटर के फायदे बताए

रुड़की संवाददाता. विद्युत स्मार्ट मीटर को लेकर झबरेड़ा विद्युत उपखंड परिसर में स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के विषय में विभिन्न जानकारी दी गई। सोमवार को कस्बा झबरेड़ा स्थित विद्युत उपखंड परिसर में ऊर्जा निगम अधिकारियों द्वारा झबरेडा सब डिवीजन में स्मार्ट मीटर को लेकर स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मीटर एसडीओ रजनीश सैनी और झबरेडा एसडीओ मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे जैसे रियल टाइम मोनिटरिंग, स्मार्ट मीटर मोबाइल एप के दैनिक इस्तेमाल से बिजली की बचत आदि के बारे में कैंप के माध्यम से व घर-घर जाकर बताया गया। साथ ही एसडीओ रजनीश सैनी ने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर की जानकारी विस्तृत रूप से उपभोक्ताओं को देने के लिए क्षेत्र के सभी गांव में नौ से 23 मार्च तक कैंप लगाए जाएंगे ताकि विद्युत उपभोक्ताओ को स्मार्ट मीटर के बारे में सही जानकारी मिल सके। स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के मन मस्तिष्क में अलग-अलग भ्रांतियां बनी हुई हैं। इनको दूर करने का काम ऊर्जा निगम के अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है।

## असमाजिक तत्वों की आवाजाही से परेशान लोगों ने जेएम को दिया ज्ञापन

रुड़की संवाददाता. नगर पंचायत ढंडेरा क्षेत्र की कई आवासीय कॉलोनियों में असमाजिक तत्वों की आवाजाही को लेकर लोग परेशान है। इसको लेकर सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट से मिला। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट को दिए गए पत्र में बताया गया है कि अशोक नगर, शिवाजी कॉलोनी, आर्य नगर, भारत कॉलोनी समेत कई मोहल्लों में अक्सर असमाजिक तत्व घूमते देखते जाते हैं। यह वाहनों को स्पीड के साथ दौड़ाते हैं। रोकने पर यह लोग गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते है। इससे लोग बेहद परेशान है। नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी व प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मुक्तक संग्रह 'पत्ता-पत्ता मौसम' का भव्य विमोचन

रुड़की संवाददाता.नवसृजन साहित्यिक संस्था के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को आयोजित साहित्यिक समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सैनी के मुक्तक संग्रह 'पत्ता-पत्ता मौसम' का विमोचन किया गया। इसी अवसर पर गजलकार कृष्ण सुकुमार को इस साल का 'सृजन शिल्पी' सम्मान से भी नवाजा गया। नगर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सुबोध पुंडीर 'सरित' ने की। जबकि संचालन पंकज त्यागी 'असीम' ने किया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा के पूर्व निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज रहे। उन्होंने साहित्यकार कृष्ण सुकुमार को उनके सम्मान व मुक्तक संग्रह के प्रकाशन के लिए कवि सुरेंद्र कुमार सैनी को शुभकामनाएं दीं।

# होटल में घुसकर डकैती-मारपीट का आरोप, 50 पर केस

हरिद्वार संवाददाता. हरिद्वार के एक होटल में डकैती, तोड़फोड़ और मारपीट के आरोप में पुलिस ने 50 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रितेश शाह के मुताबिक, अनमोल वशिष्ठ की शिकायत में बताया गया कि उनकी मां शालिनी वशिष्ठ होटल 'अगस्त्य इन' की मालकिन हैं। इस संपत्ति को लेकर सिविल जज (एसडी) का कब्जा संरक्षण आदेश 12 अगस्त 2024 से प्रभावी है। हाईकोर्ट ने छह नवंबर 2025 को कब्जा और स्वामित्व को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। इसके बावजूद 29 जनवरी की सुबह करीब साढ़े पांच बजे आरोपी संजय प्रधान, रश्मि प्रधान, कार्तिकय प्रधान उर्फ कार्तिक, ध्रुव प्रधान, इंदु प्रधान उर्फ अमरेश, प्रदीप प्रधान, देवाशीष उर्फ देव प्रधान, हर्षित प्रधान, इसरार अहमद, राज सिंह, आशीष प्रधान, आदित्य प्रधान सहित करीब 50 लोग लाठी-डंडे, तलवार और पिस्टल से लैस होकर होटल परिसर में घुस आए। आरोपियों ने कई कमरों के ताले तोड़े, गेट काटे और नकदी, आभूषण, पुश्तैनी बही-खाते और कीमती सामान लूट लिया। सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त किए और डीवीआर भी तलाशी। इस दौरान पीड़ित, उनकी मां और होटल मैनेजर से मारपीट की गई। अनमोल वशिष्ठ का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने पहले शिकायत दर्ज नहीं की, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया। सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई वारदात पीड़ित पक्ष का दावा है कि पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद है और एक संदिग्ध वाहन का नंबर भी स्पष्ट दिखाई देता है। इससे पहले जून 2024 में भी इसी संपत्ति पर हमले को लेकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो चुका है और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

## खाता बंद कराने के बाद व्यापारी के बैंक खाते से 12 करोड़ का लेनदेन, बैंक कर्मचारी पर केस

हरिद्वार संवाददाता. एक व्यापारी के बंद चालू खाते से 12 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेनदेन हो गया। पीड़ित ने बैंक कर्मचारी पर धोखाधड़ी और ध मकाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करवाया है। कोर्ट के आदेश पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा के अनुसार, मोती बाजार पंजाबी बेड़ा में अवनीत अरोड़ा की दुकान है। उन्होंने ज्वालापुर रोड स्थित बंधन बैंक की शाखा में चालू खाता खुलवाया था, जिसे अप्रैल 2025 में बंद कराने के लिए कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर आशु कुमार को लिखित आवेदन के साथ एटीएम कार्ड और चेकबुक सौंपी थी। इसके बाद बैंक खाता बंद होने की पुष्टि की गई। लेकिन, 13 अगस्त 2025 को कोरियर से मिली बैंक स्टेटमेंट से वे हैरान हो गए। इसके मुताबिक, एक मई से 26 जून 2025 के बीच इस खाते में करीब 12.14 करोड़ रुपये जमा हुए और 12.12 करोड़ निकाले गए। व्यापारी का दावा है कि उस अवधि में उन्होंने कोई लेनदेन नहीं किया। आरोप है कि बैंक रिकॉर्ड में खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी भी बदली गई थी। लेकिन, बैंक और पुलिस स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि 20 अगस्त 2025 को जब वह बैंक पहुंचे तो कर्मचारी ने न तो सही तरीके से बात की, बल्कि कार्रवाई पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी बैंक कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विराट हिन्दू सम्मेलन में एकजुटता का दिया संदेश

हरिद्वार संवाददाता. कनखल की दक्ष बस्ती में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में हिंदू समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि जो भी देशप्रेम और राष्ट्रहित की भावना रखता है, वही भारत का सच्चा हिंदू है। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे। उन्होंने हिंदू समाज से सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। महिला वक्ता के रूप में बेटी बचाओख बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर शमनु शिवपुरी ने महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पंचायती अखाड़ा निर्मल के कोठारी महंत जसविंदर शास्त्री ने की। इस अवसर पर रामानंद आश्रम के महंत प्रेमदास भी मौजूद रहे।

## जगजीतपुर से लापता युवक की तलाश तेज

हरिद्वार संवाददाता. कनखल थाना क्षेत्र के जगजीतपुर से लापता युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। तलाश के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी की , म. को अब मुकदमे में तरमीम कर जांच तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार, श्याम सिंह निवासी विकास कॉलोनी जगजीतपुर ने बताया कि उनका पुत्र विवेक सिंह (39) उर्फ हैप्पी 16 जनवरी को कहीं चला गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, मगर कोई जानकारी हाथ नहीं लगी। इस मामले में 20 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज की गई थी।

## मायापुर में बोर्ड परीक्षा से पहले यज्ञ, मेधावी भी नवाजे

हरिद्वार संवाददाता. बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के मन में आत्मविश्वास जगाने के उद्देश्य से मायापुर के डॉ. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज में यज्ञ कराया गया। इस दौरान कक्षा 10 और 12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों की सफलता की कामना की गई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर विदा भी किया गया। वानप्रस्थ आश्रम आर्यनगर से पधारे स्वामी तेजस मुनि ने बताया कि यह यज्ञ प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद शर्मा के अनुरोध पर किया गया। उन्होंने बताया कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। इसके बाद पंडित राज बल शर्मा वैदिक न्यास की आर्य संस्कृति एवं साहित्य ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रभात मुनि ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा 8 की सिमरन सैनी प्रथम, कक्षा 7 की गौरी द्वितीय और कक्षा 8 की खुशी वर्मा एवं कक्षा 6 की आस्था संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। विजेताओं को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अंशुल शर्मा, वैष्णवी, गौरव, तेजस शर्मा, कृष्ण सिंह नेगी, नैंसी, क्रांति, करीना सैनी, योगेश राजपूत, विनीत और राजीव कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर वानप्रस्थ आश्रम के उप प्रधान कामेंद्र आर्य, सुबोध गुप्ता, निर्मल सचदेवा सहित शिक्षक प्रवीण त्यागी, सरीन कुमार, श्रवण कुमार, दीपक मिश्रा, प्रियंका शर्मा, जागृति पंडित, राजीव कौशिक मौजूद रहे।

# डॉग बाइट के मामलों में लगातार इजाफा

रुड़की संवाददाता. रुड़की सिविल अस्पताल में डॉग बाइट के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी में कुत्तों के काटने से पीड़ित 108 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें से 40 लोग ऐसे थे, जिन्हें सोमवार को ही लावारिस कुत्तों ने काट लिया था, जबकि शेष मरीज दूसरी और तीसरी डोज लगवाने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। मरीजों की बढ़ती संख्या से अस्पताल में दिनभर भीड़ बनी रही। रुड़की व आसपास पिछले कुछ समय से डॉग बाइट के मामले प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। खासकर रिहायशी इलाकों, बाजारों और स्कूलों के आसपास लावारिस कुत्तों की संख्या बढ़ने से खतरा अधिक हो गया है। सुबह और शाम के समय लोग ज्यादा शिकार बन रहे हैं, जिससे आमजन में दहशत का माहौल है। सिविल अस्पताल रुड़की के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में डॉग बाइट के शिकार सभी मरीजों को नियमानुसार एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है। जिन मरीजों को कुत्तों ने गंभीर रूप से काटा है या घाव ज्यादा गहरे हैं, उन्हें रेबीज से बचाव के लिए सीरम भी दिया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने वैक्सीन और सीरम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है, ताकि किसी भी मरीज को परेशानी न हो। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि कुत्ते के काटने की स्थिति में घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से धोएं और बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराएं।

# जर्जरहाल में चाई गांव स्थित सीता माता मंदिर.. तीन साल से पुजारी के मकान में है माता सीता की मूर्ति

चमोली संवाददाता. चाई गांव में स्थित सीता माता मंदिर जर्जर हालत में पहुंच चुका है लेकिन तीन साल बाद भी न तो इसकी मरम्मत की गई और न ही इसका पुनर्निर्माण किया गया। ऐसे में तीन साल से माता सीता की मूर्ति को पुजारी के मकान के एक कक्ष में रखा गया है। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों और अधिकारियों ने तीन साल पहले मंदिर का निरीक्षण कर इसकी मरम्मत का खाका भी तैयार किया मगर अभी तक स्थिति नहीं बदली। इससे लोगों में समिति के प्रति आक्रोश पनप रहा है। विकासखंड ज्योतिर्मठ के चाई गांव में सीता माता का प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अधीन है। मगर यह मंदिर कई वर्षो से जर्जर बना हुआ है। तीन साल पहले जब मंदिर की छत से प्लास्टर झड़ने लगा तो स्थानीय लोगों ने यहां से माता सीता की मूर्ति को मंदिर के पास ही पुजारी के मकान में शिफ्ट कर दिया। उस समय बीकेटीसी ने मंदिर के जल्द मरम्मत की बात कही थी।मंदिर की हालात जर्जर : उसके बाद कई मौकों पर बीकेटीसी के अधिकारी व पदाधिकारी यहां गए और मंदिर की मरम्मत जल्द शुरू कराने की बात कही लेकिन अभी तक इसको लेकर कोई प्रगति नहीं हो पाई है। चाई गांव निवासी ईश्वर चौहान, दिलीप सिंह, अखिलेश पंवार, मनोज बिष्ट का कहना है कि मंदिर की हालात जर्जर बनी हुई है। माता सीता की मूर्ति को पास में ही पुजारी के मकान में रखा गया है। मंदिर बनाने के लिए कई बार बीकेटीसी को लिखित व मौखिक रूप से बता चुके हैं लेकिन समिति कोई संज्ञान नहीं ले रही है। समिति को जल्द से जल्द मंदिर के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। -- सीता मंदिर का निरीक्षण किया गया है। इसके जीर्णोद्धार की योजना बनाई जा रही है। कुछ दानी दाताओं से बात चल रही है। जीर्णशीर्ण मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। सीता माता मंदिर को भी व्यवस्थित किया जाएगा। -हेमंत द्विवेदी, अध्यक्ष, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति

# रोजगार की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया

### - जल्द मांग पूरी नहीं होने पर दी 16 फरवरी से बेमियादी धरना शुरू करने की चेतावनी

नई टिहरी संवाददाता. रिंग रोड परियोजना और टीएचडीसी के अधीन कार्यरत कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार न देने विरोध में उत्तरायणी भागीरथी बेरोजगार संघर्ष समिति के बैनर तले बांध प्रभावित और स्थानीय युवाओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जल्द ही मांग पर सकारात्मक कार्रवाई न होने पर 16 फरवरी से टीएचडीसी कार्यालय और जाख-डोबरा में बेमियादी धरना शुरू करने की चेतावनी दी। उत्तरायणी भागीरथी बेरोजगार संघर्ष समिति के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, सचिव मनोज पंवार के नेतृत्व में बांध प्रभावित ग्रामीणों और स्थानीय युवाओं ने रोजगार की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया। समिति के अध्यक्ष पंवार ने कहा कि टीएचडीसी के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र में निर्माण कार्य में लगी निटकॉन, शिवालिक, बालाजी सहित अन्य कंपनियां बाहरी राज्यों के लोग को नौकरी पर रख रही हैं। स्थानीय युवाओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। एडीबी की सहायता से जाख-डोबरा क्षेत्र में रिंग रोड का कार्य चल रहा है, वहां भी स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। उत्तराखंड संयुक्त संघर्ष समिति टिहरी के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश भूषण गोदियाल ने कहा कि टिहरी बांध निर्माण के लिए टिहरी के लोगों ने अपनी पैत्रिक भूमि, घर, खेत-खलियान का बलिदान दिया है, लेकिन रोजगार, बिजली और पानी देने के नाम पर यहां के लोगों की उपेक्षा की जा रही है। बाद में उन्होंने मांग के संबंध में डीएम को ज्ञापन सौंपा। जल्द ही मांग पर कार्रवाई न होने पर 16 फरवरी से आरपार की लड़ाई शुरू करने की चेतावनी दी। इस मौके पर देवेंद्र नौटियाल, शांति प्रसाद भट्ट, महावीर सिंह, सुनील, राजपाल सिंह, नरेश उनियाल, शुभम चौहान, सुरेंद्र तोपवाल, प्रवीन रावत, हरि सिंह, कैलाश सेमवाल, सतेंद्र नेगी, गुरु प्रसाद, लुदर सिंह, शूरवीर चौहान, होशियार सिंह, विक्रमा नंद डोभाल, विशन सिंह, प्रशांत रावत, रमेश उनियाल, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### सब्जी उत्पादन से लेकर सेवा आधारित उद्यमों की दी जानकारी

पौड़ी संवाददाता. विकासखंड में सोमवार को 55 स्वयं सहायता समूह सदस्यों के लिए दो दिवसीय क्षमता विकास एवं बीडीपी (बिजनेस डेवलपमेंट प्लान) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण में महिलाओं को आजीविका गतिविधियों की जानकारी दी गई। ब्लॉक मिशन मैनेजर विजय सिंह ने सब्जी उत्पादन, मशरूम, पुष्प उत्पादन, डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सिलाई-कढ़ाई, जूट बैग, अगरबत्ती, मसाला प्रसंस्करण सहित विभिन्न संभावित आजीविका गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कैंटीन, केटरिंग, दुकान एवं मरम्मत सेवाओं जैसे सेवा आधारित उद्यमों के बारे में भी बताया। डीपीओ दीपक नेगी ने महिलाओं को एनआरएलएम, पीएमएफएमई, बैंक ऋण, रिवॉल्विंग फंड, सीआईएफ, सब्सिडी व समय पर ऋण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभागियों को आजीविका संवर्द्धन की अवधारणा, प्रशिक्षण, कौशल विकास तथा मार्केट लिंकेज से संबंधित के बारे में भी बताया।

# इस माह होने वाले बड़े आयोजनों को लेकर एसपी ने ली अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक

चमोली संवाददाता. चमोली जनपद में आगामी दिनों में विधानसभा सत्र, विंटर कार्निवाल और महाशिवरात्रि पर्व जैसे बड़े आयोजन को लेकर चमोली पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने इन आयोजनों को सकुशल, शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिलास्तरीय अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। एसपी ने महाशिवरात्रि पर्व के दौरान जनपद के प्रमुख शिवालयों व मंदिर परिसरों में होने वाले मेलों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। औली में होने वाले विंटर कॉर्निवाल के लिए सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की तैयारियों पर गहन चर्चा की गई। औली में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए : औली रोड पर जगह-जगह बर्फ जमी होने से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए कहा गया। जिससे समय पर सड़क को सुचारु किया जा सके। इसी माह भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में प्रस्तावित विधानसभा बजट सत्र के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पुलिस बल के लिए आवासीय व संचार व्यवस्था के अलावा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए गए।

विभिन्न जगहों पर बैरिकेडिंग को लेकर भी चर्चा की गई। जिससे विधानसभा सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। थाना प्रभारियों को विभागीय प्रारंभिक जांचों की कार्रवाई की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए एसपी ने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। एसपी ने बैंक व वाहन चेकिंग अभियान को नियमित करने, समस्त कार्यक्रमों एवं आयोजनों के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने, यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने को कहा।

# टिनशेड स्थायी आवंटन के लिए धरने पर डटे हैं केमसारी के लोग

नई टिहरी संवाददाता. केमसारी टिनशेड आवास का मालिकाना हक देने की मांग को लेकर कॉलोनीवासी 27वें दिन भी धरने पर डटे रहे। शासन-प्रशासन की ओर से अभी तक आंदोलनकारियों की कोई सुध नहीं लिए जाने पर उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। पुरानी टिहरी में टिहरी बांध का पानी भरने पर पुनर्वास सुविधा से वंचित करीब 235 शहरवासियों को 2002-03 में बौराड़ी के केमसारी में बनाए गए अस्थायी टिनशेड आवंटित किए गए थे। लेकिन अस्थायी आवंटन अभी तक स्थायी नहीं हो पाया है जिससे लोगों को जर्जर हो चुके टिनशेड में रहना पड़ रहा है। एकता शक्ति संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री ने बताया कि टिनशेड की बुनियाद और छत सड़ गई है जिससे बारिश का पानी कमरों के अंदर आता है। लोगों का परिवार बढ़ने पर वह एक ही कमरे में रहने को मजबूर हैं। टिनशेड स्थायी आवंटन नहीं होने के कारण वह उसकी मरम्मत नहीं कर पा रहे हैं। जिससे सभी कॉलोनीवासी टिनशेड आवास का स्थायी आवंटन की मांग करते आ रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस कारण वह आंदोलन करने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। धरना देने वालों में मनीष तोमर, राजेश, निर्मला देवी, संतोषी देवी, हिना, फराना, फेमिदा, संध्या, उर्मिला धनाई, ममता पैन्यूली, कोमल, सानिया, मानसी, रेखा देवी और छटांगी देवी आदि शामिल थे।

### थत्यूड़ बाजार की अधिकांश सौर ऊर्जा की स्ट्रीट लाइटें पड़ी हैं खराब

नई टिहरी संवाददाता. विकासखंड मुख्यालय का प्रमुख बाजार थत्यूड़ में अधिकांश सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। जिला पंचायत की ओर से बाजार में कुल 10 सौर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी लेकिन वर्तमान में इनमें से मात्र दो ही लाइटें जल रही है। आठ लंबे समय से बंद पड़ी हुई हैं। थत्यूड़ बाजार में शाम ढलने के बाद पर्याप्त पथ प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण व्यापारियों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पुलिस प्रशासन को भी रात्रिकालीन गश्त के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण बाजार क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल हो रहा है। व्यापारी जगत सिंह असवाल का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें खराब होने और पर्याप्त संख्या में न लगने के कारण चोरी की घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने बताया कि रात करीब नौ बजे के बाद बाजार क्षेत्र में घुप अंधेरा छा जाता है जिससे लोगों को चलने-फिरने में परेशानी होती है। जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है। कई बार अचानक जानवरों के निकल आने से राहगीरों में डर का माहौल बन जाता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार ने बताया कि बाजार क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए व्यापार मंडल की ओर से जिला पंचायत को 30 नई स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। बावजूद अब तक न तो नई लाइटें लग पाई हैं और न ही खराब पड़ी लाइटों की मरम्मत कराई गई है। कहा कि थत्यूड़ बाजार से जिला पंचायत को सबसे अधिक राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन बाजार को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को रात के समय बाजार आने-जाने में डर लगता है। दुकानों के जल्दी बंद होने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत टिहरी के कार्य अधिकारी एसएस कठैत ने बताया कि वर्ष 2025-26 के प्लान में ग्रामीण बाजारों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने का कार्य किया जाना है। थत्यूड़ बाजार में भी एक माह के भीतर नई स्ट्रीट लाइटें लगा दी जाएंगी। पुराने और खराब पड़े लाइटों की मरम्मत के लिए संबंधित ठेकेदार को सूचित कर जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा।

### पेयजल लाइन तोड़कर आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया

नई टिहरी(आरएनएस)। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दरबार में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं रखते हुए निस्तारण करने की मांग की। डीएम नितिका खंडेलवाल ने कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित कर समस्याएं शीघ्र हल करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में कलेक्ट्रेट पहुंची सौड़ बमुंड की सुरमा देवी ने मसूरी फल पट्टी के उपला सौड़ में पति के नाम स्वीकृत पट्टे के पुनर्जीवित करने की मांग की। हटवाल गांव के बुद्धि ने पुनर्वास नीति के तहत आवंटित प्लॉट से फलदार वृक्ष कटवाने की मांग की। दोगी पट्टी में लोयल गांव के रमेश सिंह पुंडीर ने कारगिल शहीद जगत सिंह मोटर मार्ग पर कुंडिया नामे तोक में स्थित प्राथमिक स्कूल की क्षतिग्रस्त दीवार बनाने की मांग उठाई। गजा पाली के ग्रामीणों ने पाली के 10 परिवारों की पेयजल लाइन जानबूझ कर क्षतिग्रस्त कर पेयजल आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया। जाखणीधार गेंवली निवासी शांति प्रसाद सेमवाल और राजेश्वर प्रसाद सेमवाल ने सड़क टूटने से क्षतिग्रस्त आवासीय भवन की मरम्मत की मांग की। प्रतापनगर के चाका मुखमाल गांव से आए ग्रामीणों ने गांव को सड़क से जोड़ने की मांग की। जाखणीधार पालकोट के सुंदर सिंह को कंबल और स्वाटर दी गई।

# ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ



रामनगर संवाददाता. ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम "संस्कार, संस्कृति और समर्पण" रही, जिसने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विद्यालय के महानिदेशक शिशुपाल सिंह रावत, निदेशक गौरव रावत, प्रधानाचार्या कंचन बिष्ट सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्तराखंड के 13 जनपदों की लोक संस्कृति को लोक नृत्य एवं लोक गायन के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में राजुलाख मालूशाही, गौरा देवी और मैदानी क्षेत्रों से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों तक की पीड़ा और संघर्ष को भावपूर्ण स्वरों और नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की इन उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के पीछे शिक्षकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत को पहुंचना था लेकिन कुछ कारणों से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जाता।इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष मिथलेश डंगवाल,पूर्व राज्य मंत्री धनेश्वरी घिल्डियाल,पूर्व मंत्री दिनेश मेहरा, कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री पुष्कर दुर्गापाल,पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत, पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल ,मनीष अग्रवाल, पूनम गुप्ता, ब्रह्मदेव झा, एडवोकेट जगतपाल सिंह

## दो दिवसीय प्रतिभा दिवस कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में दिखाई प्रतिभा

अल्मोड़ा संवाददाता. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा में जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रतिभा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य ललित मोहन पाण्डे ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां बच्चे होते हैं, वहां प्रतिभाओं का मेला स्वत: लग जाता है। प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और आगे बढ़ने के अवसर देने की है। उन्होंने प्रतिभा दिवस के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक हरिवंश सिंह बिष्ट और डॉ. कमलेश सिराड़ी ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, नियमों और गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा एक और दो की गणितीय दक्षता प्रतियोगिता में ताकुला ब्लॉक की जिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की भाषाई दक्षता प्रतियोगिता में चौखुटिया ब्लॉक की देवांशी प्रथम रहीं, जबकि खेल एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में लमगड़ा ब्लॉक के पूरब रावत ने पहला स्थान हासिल किया। कक्षा तीन, चार और पांच वर्ग में गणितीय दक्षता में लमगड़ा ब्लॉक के निर्मल रावत और भाषाई दक्षता में धौलादेवी ब्लॉक की आरती पाटनी प्रथम स्थान पर रहीं। कक्षा छह, सात और आठ वर्ग में भाषाई दक्षता प्रतियोगिता में लमगड़ा ब्लॉक की विद्या अधिकारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खेल एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्याल्दे ब्लॉक के तन्मय मनराल विजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र पांडे ने किया। इस अवसर पर रमेश सिंह रावत, डॉ. प्रकाश पंत, अशोक बनकोटी, डॉ. हेमलता धामी, डॉ. सरिता पांडे, प्रकाश चंद आर्य, डॉ. कामक्षा मिश्रा, दीपक पांडे, सतीश चन्द्र भट्ट, पूरनचन्द्र पांडे, निम्मी बिष्ट, चंद्रा दत्त पांडे सहित विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

## आकस्मिक निधन पर राजनीतिक दलों,सामाजिक और छात्र संगठनों ने गहरा शोक

रामनगर संवाददाता. रामनगर के पत्रकार असलम सिद्दीकी के पिता हाजी आले हसन के आकस्मिक निधन पर राजनीतिक दलों,सामाजिक और छात्र संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट,नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम,भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी,पूर्व पालिकाध्यक्ष उर्मिला चौधरी,ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत,पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत,भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,पूर्व राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी, छात्रसंघ अध्यक्ष किशन सिंह,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे,पूर्व राज्यमंत्री अमिता लोहनी, पूर्व सभासद रुबीना सैफी, डॉक्टर जफर सैफी, पूर्व सभासद भुवन डंगवाल, पूर्व सभासद मोहम्मद मुजाहिद,युवा कांग्रेस नेता अभिमन्यु डंगवाल, प्रधान हज्जन नरगिस,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,भाजपा नेता अनवर मलिक,राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, सभासद सलमान सलमानी, सभासद सचिन कुमार, सभासद नवीन सुनेजा, सभासद राहुल रावत, सभासद प्रतिनिधि राजा सलमानी, सभासद सोनू करीम, सभासद मोहम्मद अजमल, सभासद नदीम अंसारी, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद पारस गोला, सभासद खस्टी नंदन जोशी,सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल,सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद रिजवान, कांग्रेस नेता ताईफ खान,भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, संजय बिष्ट भावना भट्ट आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## रामनगर पहुंचे ऊर्जा निगम के एमडी, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



रामनगर संवाददाता. उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी अनिल कुमार यादव रामनगर पहुंचे जहां उन्होंने विभाग के कुमाऊँ मंडल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन के एमडी अनिल कुमार यादव ने कहा कि उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है। केंद्र सरकार की चल रही योजना भी आम उपभोक्ता तक पहुंचे इसको लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग को पूरे प्रदेश से हर वर्ष करीब 1130 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है और यदि बात कुमाऊँ मंडल की करें तो कुमाऊं मंडल से प्रतिवर्ष साढे चार हजार करोड़ रुपए का करीब का राजस्व विभाग को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई जगह स्मार्ट मीटर को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही है जो की पूरी तरह गलत है।उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ता मजबूत होंगे और उनकी समस्याओं का इस मीटर के लगाने के बाद समाधान होगा।उपभोक्ताओं को विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यालय के चक्कर नहीं लगते होंगे इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर यह मीटर नहीं लगे हैं वहां पर शीघ्र इन्हें लगाने की कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फरवरी और मार्च माह में विभाग की बकाया वसूली शत प्रतिशत करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में विद्युत कटौती से इस बार भी उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी और यदि कहीं फाल्ट होता है तो ऐसी स्थिति में कुछ देर के लिए विद्युत व्यवस्था बाधित होगी लेकिन कुछ देर बाद विद्युत व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर ट्रांसफार्मर फूक जाता है तो समय पर ट्रांसफार्मर पहुंचाया जाएगा।

# रामनगर के लोगों से रूबरू होंगे जेम्स चौंपियन

रामनगर संवाददाता. कॉर्बेट पार्क के पहले प्रशासक और भारतीय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के जनक एफ डब्ल्यू चौम्पियन के पोते जेम्स है।ढिकाला में एक सड़क का नाम चौंपियन रोड है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि उत्तराखंड के एक गर्वित हरित नायक, भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी के जनक एफ डब्ल्यू चौम्पियन की स्मृति में यह विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उनके पोते द्वारा एक इंटरैक्टिव सत्र एवं प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें एफ. डब्ल्यू. चौम्पियन के जीवन, कार्य और उनके फोटोग्राफिक योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। यह कार्यक्रम मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में आयोजित किया जाएगा।एफ. डब्ल्यू. चौम्पियन भारत के प्रारंभिक वन अधिकारियों में से एक थे, जो यह मानते थे कि वन्यजीवों को शिकार के माध्यम से नहीं, बल्कि अवलोकन और फोटोग्राफी के जरिये समझा और संरक्षित किया जाना चाहिए। 1920ख्र30 के दशक में उन्होंने भारत में नैतिक वन्यजीव फोटोग्राफी की शुरुआत की और प्रारंभिक कैमरा-ट्रैप तकनीकों का उपयोग किया, वह भी बिना किसी प्रकार की बाधा पहुँचाए।उनकी सोच अपने समय से कहीं आगे थी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि फोटोग्राफी केवल दस्तावेजीकरण का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूकता और संरक्षण का एक सशक्त साधन हो सकती है। उन्होंने जिम कार्बेट को भी बंदूक छोड़कर कैमरा और लेखन अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिसने आगे चलकर भारत के संरक्षण इतिहास की दिशा बदल दी।इन महत्वपूर्ण योगदानों के कारण एफ डब्ल्यू. चौम्पियन को सम्मानपूर्वक भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी का जनक" कहा जाता है।



## नगर निगम को बजट न मिलना गंभीर चिंता का विषय: वैभव पांडे

अल्मोड़ा संवाददाता. अल्मोड़ा नगर में प्रदेश सरकार के मंत्री, कैबिनेट स्तर के नेता और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के लगातार दौरों और बैठकों के बावजूद नगर निगम को अब तक विकास कार्यो के लिए ठोस बजट नहीं मिल पाया है। इसे नगर निगम पार्षद वैभव पांडे ने गंभीर और चिंताजनक स्थिति बताया है। प्रेस को जारी बयान में वैभव पांडे ने कहा कि नगर निगम सभागार में बड़े स्तर के आयोजन हो रहे हैं और मंत्री नियमित रूप से नगर क्षेत्र का निरीक्षण भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम की आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों की हालत, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता है, जबकि धनराशि के अभाव में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पार्षद ने कहा कि नगर की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद मंत्री और वरिष्ठ नेता अपने स्तर पर सरकार के उच्च अधिकारियों से नगर निगम के लिए बजट स्वीकृत कराने की कोई ठोस पहल करते नजर नहीं आ रहे हैं, जो अल्मोड़ा की जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

## हरीनगर से सेरुवा -सीमाला मोटर मार्ग के निर्माण व डामरीकरण के लिए 8करोड़ 6 लाख स्वीकृति-विधायक कैड़ा

भीमताल संवाददाता. विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा के भीमताल ब्लॉक के ग्राम सभा जगलियागाँव के हरीनगर से सेरुवा - सीमाला तक मोटर मार्ग नही होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का समाना करना पड़ता था! किसानो को अपना उत्पाद हल्द्वानी लाने मै काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता था ग्रामीणों को 5से 6 किमी दुरी तय करने के बाद मुख्य सड़क तक अपना उत्पादन लाना पड़ता था! मरीजों को डोली से मुख्य मार्ग तक लाना पड़ता था! ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा से मोटर मार्ग बनाने की मांग की थी विधायक कैड़ा ने उक्त मोटर मार्ग के निर्माण करने व डामरीकरण करने हेतु चउहेल फेस 4 के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा था हरीनगर से सेरुवा- सीमाला तक मोटर मार्ग का निर्माण व डामरीकरण कार्य के लिए 8 करोड़ 6 लाख स्वीकृति हो गये है जिसकी टैण्डर प्रक्रिया शुरू हो गई है जल्दी ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया जायेगा! मोटर मार्ग के निर्माण पूर्ण होते ही मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य किया भी जायेगा! विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री धामी व सांसद भट्ट का आभार व्यक्त किया है!



## केंद्रीय बजट 2026-27 राष्ट्र निर्माण की दिशा में मजबूत कदम: गणेश जोशी

अल्मोड़ा संवाददाता. प्रदेश के कृषि, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी सोमवार से दो दिवसीय कुमाऊँ दौरे पर अल्मोड़ा पहुंचे। दौरे के पहले दिन उन्होंने नगर निगम सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। गणेश जोशी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो खपत और निवेश पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जबकि वैश्विक विकास दर लगभग तीन प्रतिशत के आसपास है। वर्ष 2014 के बाद से पूंजीगत विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिसका प्रभाव इस बजट में भी स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि बजट में कुल पूंजीगत व्यय लगभग 12.2 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो 2013-14 की तुलना में 430 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है।



## जीआईसी अण्डोली में एक माह से जलापूर्ति ठप, छात्र परेशान

अल्मोड़ा संवाददाता. राजकीय इंटर कॉलेज अण्डोली में बीते एक माह से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। स्कूल में पानी की समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि पिछले तीन-चार वर्षों से यह लगातार गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेयजल निगम की निर्माण शाखा इस समस्या को लेकर कभी गंभीर नहीं रही। कभी एक-दो दिन पानी की आपूर्ति कर दी जाती है, इसके बाद महीनों तक नल सूखे पड़े रहते हैं। पानी की किल्लत से अण्डोली क्षेत्र के चन्द्र मणी भट्ट, पिताम्बर भट्ट, भुवन भट्ट सहित कई परिवार परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री घर-घर नल जल योजना भी क्षेत्र में प्रभावी साबित नहीं हो पा रही है। चन्द्र मणी भट्ट ने बताया कि स्कूल में पानी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। वर्तमान में जीआईसी अण्डोली में कक्षा छह से बारह तक के करीब 150 छात्र अध्ययनरत हैं। पानी न होने के कारण मध्याह्न भोजन बनाने वाली माताओं को दूर-दराज के नौलों से पानी ढोना पड़ रहा है। वहीं शौचालयों में पानी की व्यवस्था न होने से छात्रों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल के लिए मुख्य टैंक से अलग लाइन डाली जाए और सैगाड़ अण्डोली पेयजल योजना का पुनर्निर्माण किया जाए, ताकि छात्रों और ग्रामीणों को इस लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल सके।

## अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया

रुद्रपुर /काशीपुर के कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढकिया नंबर एक में आज सुबह उस वक्त चीख-पुकार और दहशत का माहौल पैदा हो गया जब खनन सामग्री से लदे एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।खनन से लदे डंपर ने बाइक सवार को कुचलाहादसा सोमवार सुबह करीब 8 बजे का है। ढकिया नंबर एक के पास एक खनन से लदे डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान जयपाल के रूप में हुई है। क्षेता में हुई इस हृदय विदारक हादसे ने स्थानीय लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया और देखते ही देखते शांतिपूर्ण इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।भीड़ ने वाहन को किया आग के हवालेहादसे के बाद जहां एक ओर मृतक के परिवार में मातम पसरा था, वहीं दूसरी ओर उग्र हुई भीड़ ने संवेदनशीलता को ताक पर रखकर कानून अपने हाथ में ले लिया और डंपर को आग के हवाले कर दिया। हालांकि सड़क पर दौड़ते मौत के इन सौदागरों के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा स्वाभाविक था, लेकिन इंसाफ की आड़ में की गई यह आगजनी और अराजकता समाज के लिए एक गंभीर प्रश्न छोड़ गई है।क्षेत्र में पसरा सन्नाटाभीड़ द्वारा इस तरह हिंसक होकर कानून को चुनौती देना और सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करना किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि ऐसी उग्रता अक्सर असल मुद्दे से ध्यान भटकाकर निर्दोषों के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर देती है। फिलहाल, धधकती लपटों और पुलिस की गहमागहमी के बीच क्षेत्र में तनावपूर्ण सन्नाटा पसरा हुआ है और प्रशासन स्थिति को काबू करने में जुटा है।



## हल्द्वानी में क्रिकेट मैच की आड़ में धोखाधडी

नैनीताल संवाददाता./उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी में क्रिकेट मैच की आड़ में धोखाधडी के आरोपी ई.वी.सी.एल.के विकास ढाका की अवैध गिरफ्तारी संबंधी याचिका में सुनवाई करते हुएयाचि से रिमांड शीट की प्रतिलिपि न्यायालय में दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 11 फरवरी के लिए तय की है।याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सौरभ पाण्डे ने याचिका में 7 वर्ष से कम की सजा वाली धारा में अवैध कस्टडी का आरोप लगाया है। उन्होंने न्यायालय को अवगत कराया कि विकास को पुलिस ने सवेरे 11:30 बजे, पुलिस स्टेशन में बैठाए रखा, रात 9 बजे मामले में एफ.आई.आर.दर्ज की गई और रिमांड शीट में गिरफ्तारी अगले दिन 4 बजे दिखाई गई। ये भी कहा गया किसने पुलिस दबाव में कार्य कर रही है।



हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग(म्टब्स्)का मंगलवार से आयोजन किया जा रहा था। इसमें, पहला मैच ऊत्तराखण्ड सोल्जर्स और दिल्ली नाइट्स के बीच खेला जाना था। ओपनिंग सत्र में में लोक गायक राकेश खनवाल, कैलाश कुमार, रागनी ग्रुप, हर्षिता कोहली, अंकित कुमार की प्रस्तुति रखी गई थी।प्रतियोगिता में मसूरी किंग्स, यू.पी.वारियर्स, हल्द्वानी टाइगर्स, दिल्ली नाइट्स, ऊत्तराखण्ड सोल्जर्स और वाराणसी वाइपर्स के बीच भी मुकाबले होने थे। लेकिन, देर शाम तक मैच शुरू नहीं होने पर आयोजक विकास ढाका ने बताया कि दिल्ली निवासी उनके बड़े पार्टनर प्रमोद सिंह की दिल्ली से हल्द्वानी निकलते वक्त हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गईइस कारण शोक के चलते मैच को स्थगित किया गया है। पुलिस ने बुधवार को शिकायत प्राप्त होने के बाद विकास ढाका को सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार कर लिया था।

## नशा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, 16.57 लाख के गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा संवाददाता. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली रानीखेत और एसओजी की संयुक्त टीम ने टूरिस्ट बनकर गांजा तस्करी कर रहे तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार करते हुए करीब 66 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 16.57 लाख रुपये आंकी गई है। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत भुवन चन्द्र जोशी तथा एसओजी प्रभारी सुनील धानिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अशोक द्वार के पास चेकिंग के दौरान रानीखेत से हल्द्वानी की ओर जा रही सफेद रंग की हुंडई औरा कार को रोका। जांच के दौरान कार में सवार तीन युवकों ने खुद को पर्यटक बताते हुए ट्रॉली बैग में सामान होने की बात कही, लेकिन तलाशी लेने पर बैगों में कपड़ों की जगह गांजा भरा मिला। पुलिस ने मौके से 66.288 किलोग्राम गांजा बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सराईखेत क्षेत्र से गांजा लेकर ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद की ओर जा रहे थे, जहां इसे ऊंचे दामों में बेचने की योजना थी। इस मामले में कोतवाली रानीखेत में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया गया है।



# मेरे करियर में मेरा धर्म कभी बाधा नहीं बना : जोया अफरोज

अभिनेत्री जोया आफरोज इन दिनों वेब सीरीज तस्करी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि इंडस्ट्री धर्म को लेकर कभी भेदभाव नहीं करती है।अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म गांधी टॉक्स की स्क्रीनिंग में शिरकत की थी। इस साइलेंट फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार ए. आर. रहमान ने दिया है। स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेत्री ने

उन्होंने ए. आर. रहमान के कम्युनल वाले बयान को सिरे से नकारते हुए कहा कि उनके धर्म के होने के बावजूद अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में अब तक धर्म के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव झेलना नहीं पड़ा। जोया ने कहा, मेरा पर्सनल अनुभव अब तक ऐसा नहीं रहा है, और मुझे उम्मीद है कि आगे भी ऐसा नहीं होगा।हमारे देश में हम एकता और विविधता का जश्न मनाते हैं। मुझे लगता है कि हमें यही भावना हमेशा बनाए रखनी चाहिए। जोया ने आगे फिल्मों की सामाजिक जिम्मेदारी पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, फिल्में समाज का आईना होती हैं; वे जिंदगी को वैसा ही दिखाती हैं, जैसा है। अगर कोई फिल्म बच्चों के लिए नहीं है, तो उन्हें नहीं दिखानी चाहिए।इसीलिए सर्टिफिकेशन सिस्टम है। मुझे लगता है कि इसे ऐसे ही रखना चाहिए। गांधी टॉक्स की बात करें तो यह फिल्म गांधी जी की तस्वीर को नोटों पर देखने और उनके आदर्शों के बीच के फर्क की कहानी को दिखाती है। इसकी कहानी एक ऐसे युवा व्यक्ति के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो पैसों के लिए संघर्ष करता है।उसकी जिंदगी में एक चोर की एंट्री होती है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है। फिल्म व्यंग्य के जरिए समाज और मूल्यों पर सवाल उठाती है। किशोर बेलेकर द्वारा निर्देशित फिल्म में अदिति राव हैदरी, विजय सेतुपति, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव जैसे अनुभवी कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।



# सात साल बाद अभिनय की दुनिया में रिया चक्रवर्ती की वापसी, वीडियो शेयर कर जाहिर की खुशी

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जल्द ही वेब सीरीज फैमिली बिजनेस के जरिए अभिनय की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी खुशी और भावनाओं को जाहिर किया। इस वीडियो में रिया काफी भावुक नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि सेट पर जाने के लिए उन्हें 7 साल हो गए हैं, लेकिन उनके अंदर का जुनून आज भी वैसा ही है।रिया ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, सेट पर गए हुए मुझे 7 साल हो गए हैं, लेकिन मैं आज भी वही लड़की हूं, जो 17 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरे अंदर का एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुककर इंतजार करता रहा और अब मैं फिर से यहां हूंख्र अपनी जिंदगी के चौप्टर 2 में।रिया ने आगे कहा, सच ही कहा गया है कि जिंदगी वही होती है जो तब घटती है जब हम कुछ और योजनाएं बना रहे होते हैं।रिया के फैंस उनकी इस वापसी से काफी खुश नजर आ रहे हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। रिया ने कम उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में अभिनेत्री ने कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है।उन्होंने 2009 में एमटीवी के रियलिटी शो टीन दीवा से की थी, जिसके बाद वह एक लोकप्रिय वीजे बनीं। उन्होंने 2012 में तेलुगु फिल्म तुनीगा तुनीगा से एक्टिंग की शुरुआत की और 2013 में मेरे डैड की मारुति से बॉलीवुड में कदम रखा। अब वे नेटफ्लिक्स की सीरीज फैमिली बिजनेस से 7 साल के ब्रेक के बाद वापसी कर रही हैं।यह सीरीज सत्ता, खून के रिश्तों और विश्वासघात के ईर्द-गिर्द घूमती एक हाई-वोल्टेज कॉर्पोरेट ड्रामा है। ऐसा पहली बार अनिल कपूर और विजय वर्मा स्क्रीन में साथ में नजर आएंगे। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित सीरीज में रिया के अलावा, अनिल, विजय, आकाश खुराना, रिया चक्रवर्ती, नेहा धूपिया, अनंत नाग, कंवलजीत सिंह, ध्रुव सहगल, नंदिश संधू, टीना देसाई, और रायमा सेन समेत कई दमदार कलाकार नजर आएंगे।



# ओ रोमियो का नया गाना पान की दुकान हुआ रिलीज, शाहिद संग झूमने को हो जाएंगे मजबूर

शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो रिलीज होने से पहले काफी ज्यादा विवादों का सामना कर रही है. इस बीच, फिल्म का नया गाना पान की दुकान रिलीज कर दिया गया है. फैंस को शाहिद का ये गाना काफी पसंद आ रहा है. अभिनेता शाहिद कपूर ने मुंबई में एक इवेंट के दौरान नया गाना पान की दुकान रिलीज किया है.सॉन्ग पान की दुकान एक हाई-एनर्जी वाला डांस नंबर है, जिसमें शाहिद कपूर का स्वैग और डांस स्टेप्स कमाल के हैं. गाने में उनके डांस मूव्स दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं. ये गाना इतना जबरदस्त है कि इसे सुनकर हर कोई झूमने को मजबूर हो जाए. वहीं, गाने में दिशा की मौजूदगी ने चार चांद लगा दिए हैं. गाने में उनकी ग्रेसफुल और ग्लैमरस परफॉर्मेंस फैंस को और भी ज्यादा भा रही है.गाने को सुखविंदर सिंह और रेखा भारद्वाज ने मिलकर गाया है, जबकि इसके लिरिक्स गुलजार साहब ने लिखे हैं और विशाल भारद्वाज ने इसका संगीत तैयार किया है.विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और प्रोडक्शन नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट की तरफ से है. फिल्म में शाहिद के अलावा, तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे. ये फिल्म हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वींस ऑफ मुंबई पर आधारित है. फिल्म में शाहिद ने एक माफिया डॉन हुसैन उस्तरा का किरदार निभाया है. वहीं, सपना उर्फ सपना दीदी के रोल में तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं.बता दें कि फिल्म की रिलीज को लेकर काफी विवाद चल रहा है. दरअसल, हुसैन उस्तारा की बेटी सनोबर शेख ने कोर्ट में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की. उनका कहना है कि फिल्म में शाहिद कपूर के किरदार हुसैन उस्तरा शेख उनके पिता से प्रेरित है. उनका कहना है कि फिल्म में उनके पिता के बारे में गलत तरीके से बताया गया है. हालांकि विशाल भारद्वाज और हुसैन जैदी पहले ही साफ कर चुके हैं कि फिल्म हुसैन उस्तारा शेख की जीवनी से प्रेरित नहीं है, बल्कि एक कलात्मक कहानी है, जिसका कुछ हिस्सा उनकी कहानी से प्रेरित है लेकिन किरदार काल्पनिक हैं.

# चिरंजीवी की मन शंकर वरप्रसाद गरु ओटीटी पर मचाएगी तहलका, रिलीज तारीख जारी

दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी की एक्शन-कॉमेडी फिल्म मन शंकर वरप्रसाद गरु संक्रांति के मौके पर 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जिन लोगों ने उस वक्त फिल्म का लुत्फ नहीं उठाया था, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने का मौका मिलेगा। निर्माताओं ने फिल्म की ओटीटी रिलीज तारीख जारी कर दी है। एक खुशखबरी यह भी है कि फिल्म को तेलुगु के अलावा हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा जिससे हिंदी पट्टी के दर्शक भी इसे देख सकेंगे।चिरंजीवी की फिल्म मन शंकर वरप्रसाद गरु जी5 पर दस्तक देगी। इस अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन दिया, 11 फरवरी को आ रही है! अब तक की सबसे बड़ी घोषणा। मेगा विक्टोरियस ब्लॉकबस्टर फिल्म 11 फरवरी को सिर्फ जी5 पर दिखेगी। फिल्म में नयनतारा, कैथरीन ट्रेसा, जरीना वहाब, हर्ष वर्धन और अभिनव गोमातम समेत कई सितारे शामिल हैं, जबकि वेंकटेश दग्गुबाती ने कैमियो किया है। इसने 25 दिनों में दुनियाभर में करीब 375 करोड़ रुपये कमाए थे।यह फैमिली एंटरटेनर इमोशन, ह्यूमर और रिश्तों पर आधारित है, साथ ही इसमें जबरदस्त ड्रामा भी है.

# टॉक्सिक रिलीज से पहले हुई मालामाल, निर्माताओं ने 120 करोड़ में की डील पक्की

यश की फिल्म टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित यह 19 मार्च को रिलीज होगी। खबर है कि निर्माताओं ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फिल्म के वितरण अधिकार हासिल करने के लिए बड़ा सौदा किया है, जिससे वह इसकी रिलीज से पहले मालामाल हो गए हैं। इसे अब तक की रिकॉर्ड तोड़ और ऐतिहासिक डील बताया जा रहा है। केवीएन प्रोडक्शन और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स ने मिलकर दिल राजू के नेतृत्व वाली कंपनी एसवीसी सिनेमाज के साथ यह डील की है, जो 120 करोड़ रुपये में हुई है। इसे आधिकारिक तौर पर गैर-तेलुगु फिल्म के लिए अब तक के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक बताया गया है, जो यश की पावर और फिल्म की उम्मीदों को दिखाती है। बता दें कि ब्लॉकबस्टर केजीएफ 2 देने के बाद, यश टॉक्सिक के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# मुख्यमंत्री ने की कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा

**- कुंभ से संबंधित सभी तैयारियां, अक्टूबर माह तक पूरी हो : सीएम**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में कुम्भ मेला-2027, हरिद्वार की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा किया जाए। साथ ही कुंभ की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्य तय समय के अंदर पूरे हों। सभी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी कार्य/फाइल लंबित न रहे। किसी भी कार्य को लंबित रखने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है की कुंभ मेले का भव्य दिव्य और सफल आयोजन हो। मुख्यमंत्री ने सचिव, पीडब्ल्यूडी को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए। साथ ही कुंभ क्षेत्र में स्थित सभी घाटो का सौंदर्यकरण और आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों में भी स्नान की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की



जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था हो। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती हो। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी , एवं अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी हो। उन्होंने कहा मेले के दौरान कानून व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्य योजना अलग से बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर किया जाए। इसकी मेलाधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। साथ ही सभी अखाड़ों, मठों ,संत समाज, संस्थाओं, समितियां एवं स्थानीय लोगों से परस्पर्म समन्वय किया जाए। साथ ही उनके सुझावों के अनुरूप मेले की तैयारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए कुंभ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण की खिलाफ अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संबंधित मामलों पर जल्द अनुमति ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अन्य प्रदेशों से भी परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा मेले से संबंधित सभी विकास कार्य कागजों के साथ धरातल में भी दिखाई देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास व टेंट सिटी की तैयारी समय से पूरी करने एवं मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ मेला हमारी संस्कृति, आस्था और करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा धार्मिक आयोजन है। इस आयोजन को सफल बनाना हम सभी का कर्तव्य है। जो भी श्रद्धालु राज्य में आए वह अच्छा अनुभव यहां से लेकर जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक रेनू बिष्ट, विधायक अनुपमा रावत, विधायक रवि बहादुर, उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव नितेश झा, कुंभ मेलाधिकारी सोनिका सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार...

**यू-प्रिपेयर प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने जताई धीमी गति पर नाराजगी, परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश**

देहरादून संवाददाता. मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में विश्व बैंक सहायतित उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट (यू-प्रिपेयर) की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित हुयी। इस बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी। मुख्य सचिव ने यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स में तेजी लाए जाने हेतु इनकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए।मुख्य सचिव ने योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे 45 पुलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 45 में से 31 का कार्य अवार्ड कर दिया गया है। मुख्य सचिव ने बाकि 14 पुलों का कार्य 30 जून, 2026 तक अवार्ड किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 सड़कों के निर्माण कार्य का आबंटन भी शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव यूएसडीएमए द्वारा विभिन्न स्थानों पर 10 डिजास्टर शेल्टर भी शीघ्र तैयार किए जाने की बात कही। उन्होंने डिजास्टर शेल्टर तैयार किए जाने सहित यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित सभी कार्यों की टाईमलाईन निर्धारित की जाए।

### युवती पर हमला कर मोबाइल लूटने वाला गिरफ्तार

देहरादून संवाददाता. बसंत विहार थाना क्षेत्र में राह चलते महिला के हाथ पर आरी से हमला कर मोबाइल लूटने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस का दावा है कि महिला के हाथ पर आरी से हमला नहीं हुआ था। आरोपी के हाथ में लिए गए धातु से बने इंच टेप की खरोंच लगी थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मूलरूप से बिहार निवासी और हाल जनकपुरी नयागांव में रहने वाली सुमन कुमारी के साथ घटना हुई। बीते छह फरवरी की शाम जब वह शांतिकुंज बसंत विहार जा रही थीं तभी स्कूटर सवार दो युवकों ने उन्हें रोका। आरोप लगाया कि उनके हाथ पर आरी से वार किया और मोबाइल छीनकर भाग गए। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से आरोपी फैजल निवासी प्रिंस चौक को शास्त्रीनगर खाला के पास से दबोच लिया। पूछताछ में फैजल ने बताया कि वह और उसका साथी मनीष उर्फ काली निवासी पटेल नगर नशे के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए उन्होंने यह घटना की। आरोपी से पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया। फरार उसके साथी की तलाश की जा रही है।

### संतोष ट्रॉफी: उत्तराखंड के निर्मल बिष्ट ने तीसरे स्थान पर रहकर इतिहास रचा

देहरादून संवाददाता. 79 वां संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट असम में सर्विसेज के शानदार कप जीतने के साथ खत्म हो गया। पंजाब के हिमांशु जांगड़ा 9 गोल के साथ टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर बने रहे। सर्विसेज के स्ट्राइकर अभिषेक पवार 7 गोल के साथ दूसरे स्थान पर थे। वहीं उत्तराखंड के निर्मल सिंह बिष्ट चौंपियनशिप में 6 गोल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह उत्तराखंड के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। 25 साल में यह पहली बार था कि संतोष ट्रॉफी में कोई उत्तराखंड का खिलाड़ी टॉप-5 गोल स्कोरर में शामिल हुआ। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने यह लिस्ट अपनी वेबसाइट पर शेयर की है।

## देहरादून से विशाखापत्तनम के लिए 5 दिवसीय प्रेस टूर रवाना

देहरादून संवाददाता. प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो देहरादून सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से उत्तराखंड के पत्रकारों का 11 सदस्यीय दल विशाखापत्तनम के प्रेस टूर के लिए सोमवार को देहरादून से रवाना हुआ। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं विकास कार्यों को नजदीक से दिखाने के उद्देश्य से पीआईबी देहरादून ने एक प्रेस टूर का आयोजन किया। प्रेस टूर में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के लगभग 11 पत्रकारों को विशाखापत्तनम ले जाया गया है। जहां वे केंद्र सरकार के प्रमुख उपलब्धियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। यह प्रेस टूर पीआईबी की उस परंपरा का हिस्सा है जिसमें सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों एवं विकास गतिविधियों को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। विशाखापत्तनम में पत्रकार केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों जैसे औद्योगिक विकास, बंदरगाह परियोजनाओं, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं का दौरा करेंगे। प्रेस टूर के कंडक्टिंग ऑफिसर सहायक निदेशक, पीआईबी देहरादून संजीव सुंदरियाल ने कहा कि यह प्रेस टूर उत्तराखंड के पत्रकारों को केंद्र सरकार की विकास परियोजनाओं से जोड़ने का माध्यम है। इससे न केवल मीडिया को सरकारी उपलब्धियों की गहन जानकारी मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय मुद्दों को राष्ट्रीय पटल पर रखने में भी सहायता मिलेगी। सहायक निदेशक सुंद्रियाल ने बताया कि आगामी दिनों में प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो द्वारा उत्तराखंड के पत्रकारों के लिए ऐसे प्रेस टूर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## केंद्रीय बजट 2026-27 आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला: सुबोध उनियाल

देहरादून संवाददाता. भाजपा युवा मोर्चा देहरादून द्वारा श्री गुरू राम राय सभागार, पटेल नगर में आयोजित "युवा बजट सम्मेलन" कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने केंद्रीय बजट 2026-27 को देश के युवाओं को सशक्त बनाने वाला और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति देने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए लगभग 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से आने वाले वर्षों में लगभग 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष फंड और मुद्रा जैसी योजनाओं के विस्तार के माध्यम से हजारों नए उद्यम स्थापित होने की संभावना है, जिससे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मंत्री उनियाल ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ने से युवाओं के लिए नए अवसर तैयार होंगे। यह बजट युवाओं को




आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा सभी वर्गों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर माननीय विधायक सविता हरबंस कपूर जी, प्रदेश मंत्री भाजपा आदित्य चौहान जी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल जी सहित अन्य पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशंस डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com